दैनिक नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

वर्ष : 01 | अंक : 70 | जयपुर, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4



सम्पर्क सूत्र

दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-

मो. 9602240956

Email-

navshreyatimes@gmail.com


**प्रधानमंत्री 11 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में विशेष कृषि कार्यक्रम में भाग लेंगे**

# प्रधानमंत्री कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन करेंगे

- प्रधानमंत्री 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ करेंगे
- इस योजना का उद्देश्य 100 जिलों में कृषि का कायाकल्प करना है
- प्रधानमंत्री 11,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारंभ करेंगे
- इस मिशन का उद्देश्य उत्पादकता में सुधार, खेती के रकबे का विस्तार और मूल्य श्रृंखला को मज़बूत करके दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है
- प्रधानमंत्री दलहन की खेती में लगे किसानों से भी बातचीत करेंगे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर 2025 को सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में विशेष कृषि कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री किसानों से बातचीत करेंगे। मोदी उसके बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहाँ वे इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

यह कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के प्रति प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, किसानों का समर्थन करने और किसान-केंद्रित प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उत्सव मनाने पर केंद्रित होगा।प्रधानमंत्री कृषि क्षेत्र में 35,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। वह 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसलोत्तर भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और चयनित 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।प्रधानमंत्री 11,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन का भी शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य दलहन उत्पादकता के स्तर में सुधार, दलहन की खेती के रकबे का विस्तार, मूल्य श्रृंखला - खरीद, भंडारण, प्रसंस्करण - को मजबूत करना और नुकसान को कम करना सुनिश्चित करना है।प्रधानमंत्री कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।



प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे उनमें बेंगलुरु और जम्मू-कश्मीर में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र; अमरेली और बनास में उत्कृष्टता केंद्र; राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत असम में आईवीएफ लैब की स्थापना; मेहसाणा, इंदौर और भीलवाड़ा में दूध पाउडर संयंत्र; तेजपुर, असम में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली चारा संयंत्र; कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों के लिए बुनियादी ढांचा, एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना, आदि शामिल हैं।प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे उनमें कृष्णा, आंध्र प्रदेश में एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना (विकिरण); उत्तराखंड में ट्राउट मत्स्य पालन; नागालैंड में एकीकृत एक्वा पार्क; कराईकल, पुडुचेरी में स्मार्ट और एकीकृत मत्स्य पालन बंदरगाह; और ओडिशा के हीराकुंड में अत्याधुनिक एकीकृत एक्वापार्क, आदि।

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्रमाणित किसानों, मैत्री तकनीशियनों और प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) को क्रमशः प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) और सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में परिवर्तित होने के प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

यह कार्यक्रम सरकारी प्रयासों के तहत हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी चिह्नित करेगा। इसमें 10,000 एफपीओ में 50 लाख किसान सदस्यता शामिल है, जिनमें से 1,100 एफपीओ ने 2024-25 में 1 करोड़ से अधिक का वार्षिक कारोबार दर्ज किया। अन्य उपलब्धियों में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत 50,000 किसानों का प्रमाणन; 38,000 मैत्री (ग्रामीण भारत में बहुउद्देशीय एआई तकनीशियन) का प्रमाणन; कम्प्यूटरीकरण के लिए 10,000 से अधिक बहुउद्देशीय और ई-पीएसीएस की मंजूरी और संचालन; तथा पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का गठन और सुदृढ़ीकरण शामिल हैं। 10,000 से अधिक पैक्स ने अपने कार्यों का विविधीकरण करके उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) और सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री दलहन की खेती में लगे किसानों से बातचीत करेंगे, जिन्हें कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन में मूल्य-श्रृंखला-आधारित दृष्टिकोण स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभ हुआ है। इन किसानों को किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सदस्यता और कृषि अवसंरचना कोष के तहत सहायता भी प्राप्त हुई है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस- मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और विस्तार देगी राज्य सरकार

**चिकित्सा मंत्री मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित**

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और मेंटल वेल-बीइंग को प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी नितांत आवश्यक है। प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं को और विस्तार देने के साथ ही सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजूबती दी जाएगी। खींवसर शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया एवं भागदौड़ भरी कार्यशैली ने मानसिक स्वास्थ्य को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बीच बेहतर तालमेल से चिंता, तनाव, अवसाद जैसे मानसिक विकारों को दूर किया जा सकता है।

खींवसर ने कहा कि सामाजिक स्वीकार्यता कम होने के बावजूद, भावनात्मक और व्यवहारिक समर्थन देकर दूसरों के अवसाद को कम किया जा सकता है। हर व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी ऐसा अवसर आता है, जब वह बहुत अधिक मानसिक तनाव से घिर जाता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मानसिक विकार होने पर विशेषज्ञों की सहायता लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।




मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मानसिक बीमारी का पता देरी से चलता है। लोगों को मानसिक विकारों को सीमित न रखकर इन विषयों को साझा करना चाहिए है, इससे व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। पंत ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से राज्य में टेली-मानस हेल्पलाइन (1800-891-4416) के माध्यम से नागरिकों को निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। इस हेल्पलाइन पर कोई भी व्यक्ति तनाव, अवसाद, चिंता या मानसिक परेशानी की स्थिति में तुरंत विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकता है।मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, हेल्पलाइन तथा काउंसलिंग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना आवश्यक है, जिन लोगों को मानसिक स्वास्थ्य लाभ की आवश्यकता है, उन्हें उपचार के लिए अधिक से अधिक जागरूक करें।

# भजनलाल सरकार की पहल: एसटी बालिकाओं के लिए मुफ्त आवास और भोजन की व्यवस्था

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बालिकाओं की शिक्षा और रोजगार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री की इसी सोच के अनुरूप जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ने जनजाति वर्ग की बालिकाओं के कॅरियर निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग द्वारा आई.आई.टी. जे.ई.ई. / नीट परीक्षा–2026 व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली जनजाति वर्ग की छात्राओं के लिए जयपुर स्थित जनजाति भवन में संचालित शिक्षा कौशल प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग सेन्टर में आवास व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है ताकि वे पूरा ध्यान परीक्षा तैयारी में लगा सके। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि इस योजना का लाभ चाहने वाली बालिका मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयनित हो तथा वह 2026 में आयोजित होने वाली आई.आई.टी., जे.ई.ई. या नीट अथवा अन्य किसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हो।

# उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कामकाज और प्रमुख पहलों से अवगत कराया गया

**उपराष्ट्रपति ने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में महिलाओं के लिए बढ़ते अवसरों पर प्रसन्नता व्यक्त की**

- उपराष्ट्रपति ने डिजिटल सुधारों और जमीनी स्तर व स्वैच्छिक नेटवर्क की भूमिका की सराहना की
- सी. पी. राधाकृष्णन ने पूरे भारत में महिला एवं बाल कल्याण को मजबूत करने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर





उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से आज संसद भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की। बैठक के दौरान उपराष्ट्रपति को मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं, हाल की पहलों और भविष्य की रणनीतिक योजनाओं की जानकारी दी गयी।

उपराष्ट्रपति को महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और उत्पादक वातावरण प्रदान करने के लिए मंत्रालय के समन्वित प्रयासों और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से अवगत कराया गया।

उपराष्ट्रपति को सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति जैसे प्रमुख अभियानों से अवगत कराया गया, जिनका उद्देश्य देश भर में महिलाओं और बच्चों के पोषण, सुरक्षा और सशक्तिकरण के मुद्दों का समाधान करना है।

प्रस्तुति में कुपोषण के संकेतकों जैसे बौनेपन और कम वजन में लगातार गिरावट के साथ-साथ पूरक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाओं के माध्यम से पोषण के लिए जीवनचक्र दृष्टिकोण की जानकारी दी गयी।

इसमें आंगनवाड़ी अवसंरचना और बच्चों की संस्थागत और गैर-संस्थागत देखभाल में निरंतर सुधार पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें प्रायोजन, पालन-पोषण देखभाल, गोद लेने और बाद की देखभाल व्यवस्था शामिल हैं।उपराष्ट्रपति को महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के विभिन्न उपायों, जैसे वन-स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन, नारी अदालत, सखी निवास और शक्ति सदन, आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।उपराष्ट्रपति ने मंत्रालय की पहलों और योजनाओं की निरंतर निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही इन कार्यक्रमों को लागू करने वाले जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को उचित प्रेरणा पर भी बल दिया।









CMYK

## संपादक की कलम से....

### जनता जागरूक नहीं, सिस्टम सख्त नहीं - फिर कैसे रुके नकली दवाओं का कारोबार



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

आज की आधुनिक दुनिया में जहां विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अद्भुत प्रगति हो रही है, वहीं नकली दवाओं का कारोबार समाज के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह चिकित्सा व्यवस्था में लोगों के विश्वास को भी डगमगाता है।

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में दवाएँ जीवन रक्षक के रूप में मानी जाती हैं। परंतु चिंता की बात यह है कि अब यही जीवन रक्षक दवाएँ कई बार मौत का कारण बन रही हैं।नकली दवाओं का फैलता हुआ कारोबार देश की स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर संकट बनता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार, भारत में बिकने वाली लगभग 10 प्रतिशत दवाएँ नकली या घटिया गुणवत्ता की हो सकती हैं–यह आंकड़ा बेहद चौंकाने वाला है।नकली दवाओं के पीछे एक संगठित अपराध तंत्र काम करता है, जो लालच, लापरवाही और कमजोर नियामक व्यवस्था के सहारे फल-फूल रहा है। सबसे अधिक प्रभावित होते हैं आम नागरिक, विशेषकर ग्रामीण और गरीब तबके के लोग, जो सस्ती दवाओं की चाह में ठगी के शिकार हो जाते हैं।

नतीजा यह होता है कि या तो रोगी को कोई लाभ नहीं होता, या उसकी हालत और भी बिगड़ जाती है। कई मामलों में तो जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं।इस पूरे मामले में सबसे चिंता की बात यह है कि नकली दवाएँ अक्सर असली जैसी दिखती हैं और इनकी पहचान आम लोगों के लिए कर पाना बेहद कठिन होता है। कई बार तो डॉक्टर और फार्मासिस्ट भी भ्रमित हो जाते हैं। ऑनलाइन दवाओं की बिक्री ने इस खतरे को और भी बढ़ा दिया है, क्योंकि वहाँ निगरानी की सीमाएँ हैं।सरकार ने हाल के वर्षों में दवा सुरक्षा के लिए कुछ कदम जरूर उठाए हैं-जैसे कि दवाओं पर क्यूआर कोड की शुरुआत, 'ट्रेक एंड ट्रेक' प्रणाली, और नकली दवाओं के खिलाफ छापेमारी- लेकिन ये कदम अभी भी पर्याप्त नहीं हैं। जब तक दोषियों पर सख्त कार्यवाही नहीं की जाएगी और सिस्टम में पारदर्शिता नहीं आएगी, तब तक यह अपराध जारी रहेगा।

अब समय आ गया है कि सरकार, औषधि नियामक संस्थाएँ, दवा कंपनियाँ और नागरिक समाज मिलकर इस चुनौती से निपटें। जनता को भी जागरूक होना होगा कि दवाएँ केवल प्रमाणित स्रोतों से ही खरीदी जाएँ। साथ ही, मीडिया की भी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि ऐसे मामलों को उजागर करे और जनचेतना फैलाए। नकली दवाओं के खिलाफ जंग, सिर्फ कानून की नहीं–बल्कि यह एक सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है। क्योंकि बात सिर्फ कारोबार की नहीं है, बात है जीवन की।

**शौर्य एवं ज्ञान का महासंगम कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन**

# मणिपाराणा पूंजा (भील) की वीरता और महर्षि वाल्मीकि जी के ज्ञान का प्रतीक आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज की प्रेरणा से आयोजित होने वाले भव्य समारोह शौर्य एवं ज्ञान का महासंगम - राणा पूंजा जयंती एवं महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह का पोस्टर विमोचन शुक्रवार को जयपुर में हुआ। यह विमोचन राष्ट्रीय चयनित दल न्याय अधिकार परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास नरवार, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी सुदीप तिवारी तथा सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. संदीप जोशी सहित अनेक सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पोस्टर विमोचन अवसर पर बोलते हुए विकास नरवार ने कहा कि यह आयोजन समाज के शौर्य और ज्ञान दोनों पक्षों को एक साथ जोड़ने का प्रयास है। राणा पूंजा (भील) मेवाड़ के महान योद्धा थे। जिन्होंने महाराणा प्रताप के साथ मिलकर मातृभूमि की रक्षा के लिए अतुलनीय पराक्रम दिखाया। वे केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, साहस और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वहीं महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन ज्ञान, सेवा और साधना का प्रतीक है, जो हमें यह सिखाता है कि जब शक्ति और ज्ञान का संगम होता है, तब समाज की दिशा उवल होती है। इस अवसर पर शिक्षाविद् एवं समाजसेवी सुदीप तिवारी ने कहा कि आज समाज में आवश्यकता है ऐसे आयोजनों की जो इतिहास, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को पुनः जाग्रत करें। उन्होंने कहा कि शौर्य एवं ज्ञान का महासंगम केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, सहयोग और प्रेरणा का मंच है। इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से परिचित होगी और समाज में समरसता तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश सशक्त रूप से पहुँचेगा। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक धारा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी समरसता और संतुलन है।

उन्होंने कहा कि राणा पूंजा (भील) जैसे वीरों और महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों का स्मरण केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा है – यह आयोजन नई पीढ़ी में धर्म, कर्तव्य और राष्ट्रभाव की चेतना जगाने का कार्य करेगा। उन्होंने आयोजन समिति को इस सामाजिक एकता के अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद् डॉ. संदीप जोशी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में विचारों की पवित्रता और व्यवहार की मर्यादा आती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं में आत्मगौरव की भावना जागती है, बल्कि यह इतिहास और संस्कृति को जीवन से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के प्रवक्ता श्री राजकुमार स्वामी ने जानकारी दी कि यह आयोजन 12 अक्टूबर 2025 को जयपुर के युथ हॉस्टल जनपथ रोड पर होगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संत समाज के अनेक महात्मा, समाजसेवी, शिक्षाविद्, महिला प्रतिनिधि और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। समारोह के मुख्य आकर्षणों में राणा पूंजा (भील) के जीवन पर विशेष प्रस्तुति, महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस उत्सव, शौर्य एवं ज्ञान सम्मान समारोह, संत प्रवचन और सामूहिक स्वस्तिवाचन शामिल होंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर का उन्नीसवां दीक्षांत समारोह आज



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर का उन्नीसवाँ दीक्षांत समारोह आज सुबह संस्थान परिसर स्थित ओपन एयर थिएटर (ओएटी) मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे तथा दीक्षांत संभाषण देंगे। साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। वहीं संस्थान के निदेशक प्रोफेसर नारायण प्रसाद पाढ़ी संस्थान की विशेष उपलब्धियों व अकादमिक गतिविधियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा इस उन्नीसवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के विद्यार्थियों को बीटेक, बीआर्क, एमटेक, एम प्लान, एमबीए, एमएससी तथा पीएचडी की उपाधियों प्रदान की जाएगी। इस वर्ष 2024-25 में कुल 769 बीटेक, 59 बीआर्क, 228 एमटेक तथा 16 एम प्लान की उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। भौतिकी, रसायन और गणित विषयों में कुल 105 छात्रों को एमएससी की उपाधि तथा 55 छात्रों को एमबीए की उपाधि दी जाएगी। एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में इस वर्ष 153 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधियां प्रदान की जाएंगी। जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है। इस प्रकार कुल 1385 उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी।जिनमें 828 स्नातक, 404 स्नातकोत्तर, तथा 153 डॉक्टरेट उपाधियों सम्मिलित हैं।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने की मिलावटी दूध पर कार्रवाई, 1150 लीटर दूध और 100 किलो मिलावट सामग्री नष्ट



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार के शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने सामोद थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 1150 लीटर मिलावटी दूध एवं लगभग 100 किलो मिलावट सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई।यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (जयपुर प्रथम) डॉ. रवि शेखावत के निर्देशन के आदेशानुसार की गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने तिगरिया गांव के पास खेमचंद यादव के ठिकाने पर दबिश दी, जहां मिलावटी दूध तैयार किया जा रहा था। थाना अधिकारी हनुमान सहाय एवं सामोद थाना पुलिस की उपस्थिति में पूरी कार्रवाई संपन्न हुई। टीम ने मौके से दूध, मिलावट में प्रयुक्त अपमिश्रक पाउडर एवं तेल के नमूने लिए और खाद्य अनुज्ञापत्र न होने की स्थिति में सामग्री को नष्ट करवाया। सभी नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने कहा कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, विशाल मित्तल, नरेश चेजारा, नरेंद्र शर्मा एवं पवन कुमार गुप्ता शामिल रहे।

### नकली दवा और एसएमएस में मौतों के लिए सरकार जिम्मेदारः खाचरियावास

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल में सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट सिस्टम की वजह से आठ बेकसूर लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हुई। वहीं दूसरी ओर इसी अस्पताल के डॉ. मनीष अग्रवाल को एसीबी द्वारा रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाना यह साबित करता है कि एसएमएस अस्पताल पूरी तरह भ्रष्टाचार के शिकंजे में जकड़ा हुआ है। डॉ. मनीष अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी हैं और चुनावों के दौरान भाजपा के लिए प्रचार कर चुके हैं। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी बताएं कि डॉ. मनीष अग्रवाल का भाजपा और स्वयं उनसे क्या संबंध है क्या भाजपा का पदाधिकारी होने के कारण उन्हें एसएमएस अस्पताल का वाइस प्रिंसिपल और खरीद विभाग का इंचार्ज बनाया गया भाजपा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी को जनता को इसका जवाब देना पड़ेगा।

# दिवाली के त्योहार पर टीबीजेड-द ओरिजिनल की गोल्ड और डायमंड पर सुनहरे ऑफर्स की बौछार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है और बाजारों में रौनक होने लगी है। मिठाई की दुकानों से लेकर परिधानों तक हर जगह खरीदारी का सिलसिला तेज हो चुका है। ऐसे में आभूषणों की चमक त्योहार की तैयारियों को पूरा करती है। यही वजह है गोल्ड एंड डायमंड की डिमांड इस समय सबसे ज्यादा होती है। इसी के लिए शहर की नामचीन और 160 साल पुरानी ज्वेलरी ब्रांड त्रिभोवनदास भीमजी झवेरी (टीबीजेड-द ओरिजिनल) ने अपने ग्राहकों के लिए एक बार फिर धमाकेदार ऑफर्स पेश किए हैं। त्योहार मतलब टीबीजेड अभियान के तहत कंपनी ने ऐसे ऑफ़र लाए हैं, जिनसे गोल्ड और डायमंड खरीदना पहले से कहीं आसान और किफायती हो गया है। आज गोल्ड मार्केट पर नज़र डाले तो विशेषज्ञों का मानना है कि दिसंबर 2025 तक गोल्ड की कीमत 1,60,000 प्रति 10 ग्राम तक पहुँच सकती हैं। ऐसे में टीबीजेड से गोल्ड खरीदने वालों को 500 प्रति 10 ग्राम की फ्लैट छूट दे रहे हैं। गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 50% तक की छूट और डायमंड ज्वेलरी के शौकीनों के लिए सबसे बड़ी राहत कि अब मेकिंग चार्ज बिलकुल ज़ीरो है। वहीं, गोल्ड के सिक्के अब सिर्फ 99 प्रति ग्राम मेकिंग चार्ज, जो जयपुर में कहीं भी उपलब्ध नहीं है। यह ऑफ़र न केवल त्योहारों की खरीदारी के लिए बल्कि निवेश के लिहाज से भी एक बेहतरीन अवसर है। अपने परिवारों के साथ टीबीजेड के शोरूम में खरीदारी करने पहुंचीं, जयपुर की नीति और अदिति का कहना है कि हम हर साल दिवाली पर गहने खरीदते हैं, लेकिन इस बार के ऑफ़र ने तो बजट आसान कर दिया। सोने पर सीधे 500 की छूट और डायमंड पर नो मेकिंग चार्ज - ये सचमुच बेहतरीन डील है। ऐसा लग रहा है कि त्योहार की तैयारी आधी यहीं पूरी हो गई। टीबीजेड ने हमेशा क्वालिटी और भरोसे को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि पीढ़ियों से परिवार अपने शुभ मौक़ों पर इसी ब्रांड को चुनते हैं। त्योहार रिश्तों की मिठास और घर-आँगन की रौनक बढ़ाने का समय होता है और टीबीजेड के ऑफर्स इस रौनक को गोल्ड-डायमंड की चमक से दोगुना कर रहे हैं।

**शिव महापुराण कथा के तहत भक्तों का जत्था रवाना**

### श्री गोविंद धाम में हुआ कथा को लेकर पोथी पूजन, श्री कैलाश मानसरोवर में होगी शिव महापुराण कथा



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

श्री गोविन्द धाम ठिकाना मन्दिर श्री गोविन्द देव जी की कृपा से श्री कैलाश मानसरोवर मे 13 अक्टूबर से शिव महापुराण कथा का आयोजन कथा वाचक प्रशांत शर्मा संगीतमय शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे । कथा के आयोजन को लेकर गोविंद धाम मे महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में शिव महापुराण पोथी का पूजन संत महंतों के सानिध्य में हुआ। इस पूजा अर्चना के पश्चात श्री कैलाश मानसरोवर के लिए कथावाचक डॉ प्रशांत शर्मा,वैदिक कौशलेन्द्र जैमीनी, महंत रामरज दास पंचमुखी हनुमान मन्दिर, बाबु लाल शर्मा, धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय धर्मावलम्बी भक्तो को श्री गोविन्द धाम के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने गोविन्द देव जी का माला दुपट्टा प्रसाद आशीर्वाद देकर कैलाश मानसरोवर के लिए रवाना किया । इस मौके पर घाट के बाला जी सुदर्शनाचार्य महाराज, परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमीत शर्मा, सरस निकुंज के प्रवीण बडे भैया, महंत विजय शंकर ने पूजा अर्चना में शिरकत की ।

धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया की जयपुर, दिल्ली, बम्बई, झारखण्ड के अलावा कई जगह से पचास से अधिक भक्त कथा में शिरकत करेंगे ।

### बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जयपुर में आयोजित किया गया महिला सम्मेलन



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

गुरु आज्ञा विषय पर आधारित भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जयपुर, द्वी-दशाब्दी महोत्सव के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। बालिका वर्ग के नाट्य मंचन ने 'सत्संग दीक्षा' जैसे पवित्र शास्त्रों के अध्ययन से महिलाओं में आध्यात्मिकता, नैतिकता और संस्कृति के संवर्धन का संदेश दिया। महिला एवं युवती मंडल द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य ने मीराबाई, शबरी बाई और जीवुबाई जैसी भक्तों की अमर भक्ति को सजीव किया। अपने उद्बोधन में दीया कुमारी ने बीएपीएस संस्था के महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समापन सत्र में पूर्व न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी ने गुरु आज्ञा, सेवा और शुद्ध आचरण को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। अब आगे आने वाले उत्सवों की श्रृंखला में शनिवार को बाल दिवस मनाया जाएगा। जिसमें बच्चों को संस्कार, स्व-विकास, शिक्षण, सत्संग, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे विषयो पर मार्गदर्शन प्राप्त होगा साथ ही साथ अक्षरधाम मंदिरो के निर्माता, परम पूज्य महंत स्वामी महाराज के आशीर्वचन का भी लाभ मिलेगा।

**करवा चौथ की परंपरा को मिला आधुनिक अंदाज़**

### जैन धफेम और अग्सी का नया कैंपेन चमक आपकी, मर्ज़ी आपकी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




डाबर समूह के भारत के प्रमुख फेयरनेस ब्रांड फेम, ने एक नया अभियान शुरू किया है जो आज की दुनिया में प्रेम और नारीत्व को मनाने के अर्थ को फिर से परिभाषित करता है। इसमें प्रसिद्ध हसल फेम रैपर अग्सी को दिखाया गया है, यह फिल्म करवा चौथ की परंपराओं को एक ताज़ा, बेबाक नज़रिए से देखती है - जहाँ भक्ति का मेल व्यक्तित्व से होता है और रीति-रिवाज समय के साथ विकसित होते हैं। डाबर इंडिया लिमिटेड के स्किनकेयर मार्केटिंग हेड, विराट खन्ना ने कहा, फेम में, हमने हमेशा माना है कि एक महिला की चमक सतह से कहीं ज़्यादा गहरी होती है - यह उसके आत्मविश्वास, उसके फैसलों और उसकी ताकत का प्रतिबिंब है।

इस करवा चौथ, हमें उन महिलाओं का जश्न मनाते हुए गर्व है जो प्रेम के लिए व्रत रखती हैं, फिर भी स्वतंत्रता का आनंद लेती हैं - अपने अनोखे ढंग से रीति-रिवाजों को अपनाती हैं। फेम के साथ, हम सिर्फ़ चमक नहीं बढ़ा रहे हैं; हम आत्म-अभिव्यक्ति और सशक्तिकरण की भावना का समर्थन कर रहे हैं जो सचमुच आज की महिला को परिभाषित करती है। हमारा करवा चौथ अभियान फेम के मूल सिद्धांत को दर्शाता है - कि एक महिला की सच्ची चमक तभी सामने आती है जब वह आत्मविश्वास से भरी होती है। अग्सी के साथ सहयोग ने हमें परंपरा को व्यक्तित्व के साथ मिलाकर, इस द्वैत को खूबसूरती से व्यक्त करने की अनुमति दी। डाबर इंडिया लिमिटेड की डीजीएम, जसलीन कोहली ने कहा, नारीवाद की सच्ची चमक महिलाओं से आती है, जो अपनी आवाज़ और फैसलों की मालिक हैं। डिजिटल उस सशक्तिकरण के लिए नया मंच बन गया है – जहाँ आत्म-अभिव्यक्ति आत्मविश्वास को बढ़ावा देती है। यह अभियान उसी बेबाक चमक का जश्न मनाता है।

### आर के रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता का आयोजन आज



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) जयपुर में 11 और 12 अक्टूबर 2025 को प्रतिष्ठित तीसरी आरके रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रही है। यह राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रतियोगिता देशभर के 36 से अधिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के कानून के छात्रों को एक साथ लाकर उन्हें अपने नेगोशिएशन (बातचीत) तथा वैकल्पिक विवाद समाधान कौशल को परखने, सीखने और निखारने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी का यह आयोजन न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है, बल्कि भावी विधिविदों में व्यावहारिक न्यायिक दक्षता और सहयोगात्मक विवाद समाधान की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करता है। प्रोफेसर (डॉ.) एनडी माथुर अध्यक्ष (कुलपति) विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 11 अक्टूबर को अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित होगा। जिसकी शोभा देश की प्रतिष्ठित न्यायिक हस्तियाँ बढ़ाएँगी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल न्यायाधीश भारत के सर्वोच्च न्यायालय इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जबकि न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में पधारेंगे। उनकी उपस्थिति आधुनिक न्यायिक व्यवस्था में एडीआर की बढ़ती प्रासंगिकता को उजागर करती है, क्योंकि आज के समय में विवादों का शीघ्र, प्रभावी और सौहार्दपूर्ण समाधान न्यायिक तंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है।

**अखंड सौभाग्य,पति की दीर्घायु और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना**

## करवा चौथ का पर्व सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जल-निराहार रहकर व्रत रखा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर







कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जल-निराहार रहकर व्रत रखा। सुबह से ही शहर के मंदिरों, घरों और पूजा स्थलों पर भक्तिभाव का माहौल रहा। महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर व्रत का संकल्प लिया और दिनभर पति की दीर्घायु के लिए उपवास रखा। दोपहर बाद महिलाएं पारंपरिक परिधानों, सोलह श्रृंगार, लाल चुनरी, मेहंदी रचे हाथों और चूड़ियों से सजी-धजी नजर आईं। बाजारों और कॉलोनियों में दिनभर करवा चौथ की तैयारियों की रौनक बनी रही। शाम के समय महिलाओं ने अपने घरों में मां गौरी, भगवान शिव, गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाएं स्थापित कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। धूप, दीप, पुष्प, अक्षत, मिठाई और नैवेद्य अर्पित कर विधिवत व्रत कथा का पाठ किया गया। मिट्टी, चीनी या धातु के करवों (10 या 13) में जल, अक्षत और नैवेद्य भरकर पूजन किया गया। रात्रि 8 बजकर 27 मिनट पर जैसे ही चंद्रमा का उदय हुआ। सभी व्रती महिलाएं अपने आंगनों और छतों पर उमड़ पड़ीं। पारंपरिक गीतों की गूंज और मंगल ध्वनियों के बीच महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा का दर्शन किया, फिर उसी चलनी से अपने पति का मुख देखकर अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया गया। घर-घर में उत्सव जैसा माहौल रहा। सुहागिनों के साथ परिवार की अन्य महिलाएं और बच्चे भी इस आयोजन में शामिल हुए। शहर के अनेक स्थानों पर सामूहिक करवा चौथ पूजन का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं ने एक साथ कथा सुनी और गीत गाए।इस अवसर पर शहर की गलियों,मंदिरों और सामाजिक स्थलों पर रौनक देखने लायक रही। महिलाओं ने करवा चौथ से जुड़े पारंपरिक गीत सुख सैया का सुमिरन करूं, अखंड सौभाग्य पा लूं...गाए ।

### जयपुर में जावा-येजदी का धमाकेदार फेस्टिव सेल ऑफर शुरू, ग्राहकों के लिए जावा-येजदी की खास दिवाली पेशकश



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजधानी जयपुर के अजमेर रोड स्थित शुक्रवार को जावा-येजदी मोटरसाइकिल्स इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स लेकर आई है। कंपनी ने पहली बार सिर्फ 999 में प्री-बुकिंग की सुविधा शुरू की है। जावा और येज़्दी के आठ मॉडल जो 1.59 लाख से 1.99 लाख रुपये की रेंज में उपलब्ध हैं, ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। इन बाइक्स में 293 सीसी और 334 सीसी के अल्फा लिक्विड-कूल्ड इंजन हैं जो 29 बीएचपी पावर और 30 एनएम टॉर्क प्रदान करते हैं। कंपनी ने हाल ही में लागू हुए जीएसटी 2.0 सुधार के तहत 350 सीसी तक के इंजन वाली मोटरसाइकिलों पर कर दर 28% से घटाकर 18% कर दी है। जिससे कीमतों में सीधा लाभ ग्राहकों को मिल रहा है। यह आकर्षक ऑफर जयपुर की तीनों डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। कंपनी के को-फाउंडर अनुपम तनेजा ने कहा कि यह ऑफर ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल खरीद अनुभव को डिजिटल रूप देने के उद्देश्य से जावा-येज़्दी मोटरसाइकिल्स अब देश के सबसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेज़न पर भी लाइव हो गई है। इससे पहले कंपनी ने फ्लिपकार्ट पर अपनी हाई-परफॉर्मेंस क्लासिक बाइक्स की बिक्री शुरू की थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### फोम फैक्ट्री में लगी आग-दमकल की चौदह गाडियों ने पाया आग पर काबू

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

झोटवाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार सुबह इंडस्ट्रियल एरिया में फोम की फैक्ट्री में आग लगने दहशत का माहौल गया। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेज थी कि चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की चौदह गाड़ियों से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। सहायक फायर अधिकारी भंवर सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे कंट्रोल रूम से झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फोम फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां झोटवाड़ा, बनीपार्क, बिंदायका और मानसरोवर फायर स्टेशन से मौके पर भेजी गई। फैक्ट्री में फोम बड़ी मात्रा में होने के कारण आग बार-बार धधकती रही। जिससे उसे नियंत्रित करने में काफी कठिनाई हुई। सिंह ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि आस-पास की अन्य फैक्ट्रियों और गोदामों को भी खतरा पैदा हो गया था। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थिति को काबू में कर लिया और किसी बड़े हादसे को टाल दिया। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है। फैक्ट्री मालिक आनंद के अनुसार फैक्ट्री को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में फूड सेफ्टी टीम ने चार सौ किलोग्राम पनीर करवाया नष्ट



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी. शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने जगतपुरा में जेएनयू के पीछे स्थित फर्म हरियाणा डेयरी पनीर के गोदाम पर छापा मारकर लगभग चार सौ किलोग्राम मिलावटी पनीर नष्ट कराया है। सीएमएचओ डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा पकड़े गए गोदाम में रखे बक्सों में कुल मिलाकर लगभग चार सौ किलोग्राम पनीर मिला जो मात्र 240 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से जयपुर में विभिन्न दुकानों, होटलों, ढाबों आदि पर विक्रय हेतु रखा हुआ था। इस पर टीम द्वारा इस पनीर का नमूना लेकर खाद्य परीक्षण लैब में भेजा गया और शेष पनीर को मिलावटी होने के संदेह के कारण फर्म मालिक की सहमति से उचित स्थान पर ले जाकर नष्ट किया गया। पनीर की लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता एवं नन्द किशोर कुमावत शामिल रहे।

### गोविंद देवजी मंदिर में कल पंच तत्वों का पूजन कर जन्मदिन संस्कार




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

भारतीय संस्कृति के अनुसार दीप जलाकर, हवन कर और पंच तत्वों का पूजन कर जन्मदिन मनाने की परंपरा को फिर से घर-घर में शुरू करने के लिए आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को सुबह आठ बजे से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में निःशुल्क गायत्री महायज्ञ एवं जन्मदिन संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रहा है। युग तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली यज्ञ संपन्न कराएगी। अक्टूबर माह में जन्म लेने वाले श्रद्धालु पंच तत्व का पूजन कर यज्ञ में आहुतियां अर्पित करेंगे। समस्त सामग्री निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। श्रद्धालुओं को कुछ भी साथ लाने की आवश्यकता नहीं। जयपुर से बाहर के प्रियजन का जन्मदिन संस्कार भी कराया जा सकता है। ठाकुर जी के विशेष आशीर्वाद स्वरूप जन्मदिन मनाने वालों को विशेष उपहार मिलेगा। लोग घर पर भी जन्मदिन मोमबत्ती बुझाकर या केक काटकर नहीं, बल्कि दीप प्रवलित कर मनाए इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर जन्मदिन संस्कार मनाने वाले व्यक्ति को मानवीय गौरव का अहसास कराया जाएगा। गायत्री परिवार की ओर से व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा।

### ऑप्टिकल कम्युनिकेशन के नवीन आयाम विषय पर व्याख्यान




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी), जयपुर में आइईआइ स्टूडेंट चैप्टर और ऑप्टिका स्टूडेंट चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में ऑप्टिकल कम्युनिकेशन के नवीन आयाम विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं संवाद सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनीष तिवारी, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के प्रोफेसर, ऑप्टिका एम्बेसडर (लाइफटाइम) एवं आइईटीई राजस्थान चैप्टर के चेयरमैन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. प्रवीण कुमार जैन, हेड ईसीई, द्वारा अतिथि प्रो. मनीष तिवारी का स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। उन्होंने अतिथि वक्ता का परिचय और उनके योगदानों का उल्लेख किया।

## पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला जासूस गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले अलवर निवासी मंगत सिंह को शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 में गिरफ्तार किया है।पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी (सुरक्षा) डॉ. विष्णुकांत ने बताया कि आपरेशन सिन्दूर के पश्चात् राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से प्रदेश के सामरिक महत्व के क्षेत्रों पर गहनता से निगरानी रखी जा रही है। अलवर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का अति महत्वपूर्ण सामरिक एवं संवेदनशील क्षेत्र है।

अलवर स्थित छावनी क्षेत्र की निगरानी के दौरान गोविंदगढ़ जिला अलवर निवासी मंगत सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गई। विगत दो वर्षो से मंगत सिंह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के हेण्डलरों से सोशल मीडिया के माध्यम से सम्पर्क मे था। मंगत सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के पूर्व व पश्चात महिला पाक हैण्डलर छद्म नाम ईशा शर्मा से हनीट्रैप व धनराशि के लालच में सोशल मीडिया के माध्यम से अलवर शहर की अति महत्वपूर्ण छावनी इलाके एवं देश के अन्य सामरिक स्थलों की महत्वपूर्ण सूचनाएं उन्हें निरन्तर साझा की जा रही थी ।केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र जयपुर पर विभिन्न इंटेलिजेंस एजेंसियों द्वारा की गई पूछताछ एवं उसके मोबाइल के तकनीकी परीक्षण पर उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि होने पर दिनांक थाना स्पेशल पुलिस स्टेशन राजस्थान जयपुर पर मंगत सिंह के विरुद्ध शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत मुकदमा दर्ज कर सीआईडी इंटेलीजेंस राजस्थान द्वारा गिरफ्तार किया गया।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# संपर्क व समन्वय से करें नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही : पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और नशे की बढ़ती समस्या पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है। इस टास्क फोर्स से जुड़े सभी जवान प्रशिक्षण में अर्जित कौशल का लाभ लेते हुए उम्मीदों को साकार करें। पुलिस महानिदेशक शर्मा शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई के साथ-साथ अपराध भी है और इससे कई परिवार पीड़ित हैं। इस टास्क फोर्स से जुड़े जवानों को त्रिस्तरीय कार्यवाही के तहत नशे के एंट्री पोईंट्स पर निगरानी रखते हुए वितरण तंत्र की पहचान करनी है तथा तकनीक का उपयोग करते हुए इसके विरूद्ध कार्यवाही करनी है।इस मौके पर पुलिस महानिदेशक शर्मा ने नवनियुक्त जवानों को कहा कि वे फिल्ड में जानकार स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर संपर्क व समन्वय के साथ कार्य करें तथा समाज की इस बड़ी समस्या के समाधान के प्रति पूरे जोश व मन के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।





**'सुझाव दें,सहयोग हम करेंगे'**समापन कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे फील्ड में पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें और यूनिट के बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी तरफ से प्रशिक्षण, उपकरण और तकनीक की आवश्यकता पर अपने सुझाव दें, इनकी पूर्ति मुख्यालय द्वारा की जाएगी।

**'संवाद कर जाना, क्या नया सीखा'** पुलिस महानिदेशक शर्मा ने कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया और पूछा कि उन्होंने इस प्रशिक्षण में क्या कुछ नया सीखा है। प्रशिक्षणार्थियों ने ड्रग्स के विभिन्न प्रकारों, युवाओं में बढ़ती विभिन्न प्रकार की नशे की प्रवृत्ति, नशे के उत्पादक स्त्रोतों और विदेशों से आ रही ड्रग्स के बारे में पहली बार जानकारी प्राप्त होने की बात कही। डीजीपी ने कहा कि वे अपनी ही अलग-अलग यूनिटों के साथ-साथ देशभर में इस कार्य से जुड़ी संस्थाओं की विजीट कर उनके अनुभवों का उपयोग करें।

इस मौके पर अपने संबोधन में एडीजी एटीएस वी.के.सिंह ने कहा कि एएनटीएफ की यह फाउंडर टीम सौभाग्यशाली है कि उसे अपने कौशल को दिखाने का मौका मिला है। उन्होंने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जवानों को दी गई तकनीकी जानकारियों और विविध प्रकार के प्रशिक्षणों के बारे में बताया और कहा कि जिला स्तर पर इस टीम की बड़ी भूमिका होगी।

जवाहर कला केंद्र लोकरंग समारोह

# मांगणियार गायन में सावन और विरह का गान, विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों से सजा मंच

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जवाहर कला केंद्र में जारी 28वां लोकरंग महोत्सव धीरे-धीरे परवान चढ़ रहा है। कला प्रेमी प्रतिदिन नई लोक विधाओं से रूबरू हो रहे है, लोक संस्कृति का ये रंग उन्हें खूब रास आ रहा है। शुक्रवार को करवा चौथ के विशेष अवसर पर भी बड़ी संख्या में दर्शक कलाकारों के हुनर की झलक देखने को पहुंचे। शिल्पग्राम में महिलाएं खरीददारी करती नजर आई। मध्यवर्ती और शिल्पग्राम का मंच लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से जीवंत हो उठा। 17 अक्टूबर लोकरंग यूं ही लोक संस्कृति की महक फैलाता रहेगा। मध्यवर्ती में राजस्थानी मांगणियार गायकों के सधे स्वरों के साथ महफिल की शुरुआत हुई। उस्ताद शाकर सद्दीक खां मांगणियार व समूह के कलाकारों ने ढोलक, करताल, भपंग, सिंधी सारंगी, मटके और हारमोनियम की धुन के साथ अपनी आवाज का जादू दिखाया। झिरमिर बरसे मेह में वर्षा ऋतु के सौंदर्य का बखान किया गया वहीं हिचकी गीत में विरह वेदना में तड़प रही नायिका की भवनाएं झलकी। इसके बाद हिमाचल प्रदेश से आए कलाकारों ने 'रिहालटी-गी' नृत्य में पहाड़ी संस्कृति का सुंदर परिचय कराया। सिरमौर जिले के लोग मेलों, धार्मिक उत्सवों और त्यौहारों में यह नृत्य करते हैं। उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने 'ढेड़िया' नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें ग्रामीण जीवन के उल्लास और परंपरा की झलक देखने को मिली। राजस्थान के पारसमल समूह के कलाकारों द्वारा 'आंगी गैर' की प्रस्तुति ने सभी को उत्साह से भर दिया।



हरियाणा से आए कलाकारों ने 'फाग' लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जो फाल्गुन महीने और होली के उत्सव का प्रतीक है। ढोलक, मंजीरा और नगाड़े की थाप पर गीत गाते और नाचते हुए पुरुषों और महिलाओं ने गांव की खुशियों का दृश्य मंच पर जीवंत किया। इस नृत्य में हास्य, प्रेम और श्रृंगार के रंग झलकते हैं, जो हरियाणा की लोक आत्मा का परिचायक हैं। राजस्थान के मावा राम समूह ने 'गरासिया' जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें पारंपरिक जीवनशैली, रीति-रिवाज और सामाजिक मान्यताओं की छवि दिखी। इसके बाद मध्यप्रदेश से आए गोंड जनजातीय कलाकारों ने 'रीना-सैला' लोकनृत्य प्रस्तुत किया। पुरुषों ने हाथों में लकड़ी की लाठियाँ और महिलाओं ने रुमाल लेकर सामूहिक उत्साह के साथ नृत्य कर परंपरागत संस्कृति को जीवंत किया।राजस्थान के नारायण डामोर व समूह के कलाकारों ने 'डांगड़ी डोला' नृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी, जिसके ऊर्जा-भरे कदमों ने मंच पर रंग भर दिए। ओडिशा से आए कलाकारों ने 'डाल खाई' नृत्य प्रस्तुत कर अपने राज्य की सांस्कृतिक विविधता और ग्रामीण उत्सवों की झलक दिखाई। अंत में पंजाब के कलाकारों ने 'जिंदवा' नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसकी तेज लय और उत्सवधर्मिता ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र परिसर लोक धुनों, तालों और रंगों से गूंजता रहा। दर्शकों ने सभी प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।



**'हस्तशिल्प मेले में दिखी त्योहारी रंगत'** जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में जारी राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में त्योहारी सीजन की रौनक देखने को मिल रही है।

यहां 150 से अधिक स्टॉल्स पर विभिन्न राज्यों से आए दस्तकारों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी है जो आगंतुकों को काफी पसंद आ रही है। यहां डूंगरपुर हट के मुख्य मंच पर रोज़ाना लोक कलाओं की अनूठी झांकी भी देखने को मिल रही है। यहां मंच पर चकरी नृत्य, राजस्थान का कालबेलिया, भवाई, असम का बिहू, जम्मू कश्मीर का बच्च नगमा, उत्तराखंड के घसियारी जैसे लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

### हजरत अनवर उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह के उर्स कुल की रस्म के साथ हुआ मुकम्मल मुरीदो ने उठाए अपनी मन्नतों के चिराग



■ हजरत महबूब उर रहमान नियाजी की जिंदगी पर लिखी किताब का हुआ विमोचन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली ने पिछले तीन दिनों से हजरत अनवर उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह का 80वा उर्स कुल के रस्म के साथ में संपन्न हुआ। इस मौके पर चादरें पेश की गई और महफिले समा देर रात तक चली । साथ ही मुरीदो ने अपनी मन्नतों के चिराग भी उठाए। इस बार उर्स पर हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी के जिंदगी पर कश्मीर श्रीनगर के ज़फ़र हैदरी ने एक किताब लिखी जिसका विमोचन किया गया। और उसमें शिरकत करने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऋतिवारी भी पहुंचे ।सज्जादा नशीन डॉक्टर सैयद हबीब उर रहमान नियाजी ने उनकी दस्तारबंदी की साथ ही देश प्रदेश शहर के लिए अमन सुकून सलामती और भाईचारगी की दुआ की गई खुसूसी दुआ गज़्ज़ा के लोगों के लिए की गई ताकि अमन कायम हो । सज्जादा नशीन डॉक्टर सैयद हबीब उर रहमान नियाजी ने कहा हजरत सैयद अनवर उर रहमान नियाजी का यह 80वा उर्स था तीन दिनों के उर्स में पहले दिन कुरान खान मिलाद शरीफ पढ़ी गई देर रात तक कव्वाली चली दूसरे दिन चादरों का सिलसिला जारी रहा मुरीदो ने बैंड बाजों के साथ चादरें पेश की और देर रात तक महफिले समा चली तीसरे दिन मुरीदो ने अपने मुरादों के चिराग उठाएं उन्होंने कहा कि चिराग जिनकी मन्नते पूरी हो जाती है रोशन करते हैं और जो नई मन्नतें मांगते हैं वह चिराग उठाते हैं देश प्रदेश शहर और पूरी दुनिया में हमने सुकून सलामती की दुआ की गई ।कश्मीर से आए जफर हैदरी ने कहा हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी से उनके घरेलू ताल्लुक थे ।

### ठाकुरजी के दर्शन करने गए दम्पति : पीछे से चोरों ने किया अलमारी में हाथ साफ, लाखों के जेवरात सहित एक लाख रुपए चोरी कर हुए फरार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

वैशाली नगर थाना इलाके में एक बिजनेसमैन दम्पति को अल सुबह परिवार को गहरी नींद में छोड़ कर गोविंद देवजी मंदिर जाना भारी पड़ गया। शातिर नकबजन मकान पर लगा ताला देख कर अंदर घुसे और बेटे-बहू को कमरे में बंद कर लाखों रुपए के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए।

जाग होने के बाद पीड़ित को मकान में चोरी होने की जानकारी मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएलएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए । पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर नकबजनों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कल्याण कॉलोनी निवासी राजकुमार शर्मा बुक सेलर का काम करते है।। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कल्याण कॉलोनी निवासी राजकुमार शर्मा बुक सेलर का काम करते है। शुक्रवार अल सुबह साढ़े तीन बजे राजकुमार शर्मा मकान के बाहर ताला लगा कर अपनी पत्नी के साथ गोविंद देवजी मंदिर के लिए निकले थे। तभी बाहर से ताला लगा देख अज्ञात नकबजन मकान में घुसे और गहरी नींद में सो रहे बेटे-बहू को कमरे में बंद कर अलमारी में रखे 25 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और एक लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गए।

**'ढ़ाई घंटे बाद मिली मकान में चोरी की जानकारी'**बताया जा रहा है कि पीड़ित की राजकुमार अपनी पत्नी के साथ ढ़ाई घंटे बाद गोविंद देवजी के दर्शन कर घर पहुंचे तो उन्हे मामले की जानकारी मिली। पीड़ित ने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला की बाइक सवार दो बदमाश मकान में ताला देख अंदर घुसे और कुछ ही देर में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनो नकबजनों की तलाश शुरु कर दी है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता आज

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

भारतीय जनता पार्टी की ओर से भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता अभियान के सह संयोजक प्रेमसिंह बनवासा ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागी एवं ललित कला के चित्रकार विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया जैसे विषयों पर अपनी परिकल्पना को कैनवास पर उकेरेंगे। यह प्रतियोगिता युवाओं में राष्ट्र निर्माण, नवाचार और तकनीकी विकास के प्रति रुचि जागृत करने का एक रचनात्मक प्रयास है।

### नवीन आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन को एक वर्ष पूर्ण : 13 अक्टूबर को जेईसीसी जयपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे होगी भव्य प्रदर्शनी का उद्धाटन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तीन नवीन आपराधिक संहिताओं के 1 जुलाई 2024 से लागू होने का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को प्रदर्शित करते हुए जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) सीतापुरा में 13 से 18 अक्टूबर तक एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का उद्घाटन 13 अक्टूबर 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन और सभी हितधारकों को इन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराना है। इस प्रदर्शनी में आपराधिक न्याय प्रणाली को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और विधि विज्ञान के उपयोग का वीडियो, लाइव डेमो और लघु चलचित्रों के माध्यम से दर्शाया जाएगा।

यह भी दिखाया जाएगा कि कैसे नए प्रावधानों से नागरिक एवं पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण मजबूत हुआ हैयह भी दिखाया जाएगा कि कैसे नए प्रावधानों से नागरिक एवं पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण मजबूत हुआ है और आम नागरिकों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। यह प्रदर्शनी विशेष रूप से विद्यार्थियों, महिलाओं, अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारियों और नागरिक संस्थाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से जनोपयोगी प्रावधानों को सुगम्य रूप से प्रसारित करने का यह एक बड़ा प्रयास है।प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में आमजन और छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है।

यह पहल पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका, कारागार और फोरेंसिक विभाग जैसे आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी स्तंभों में आए सकारात्मक बदलावों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करेगी। यह प्रदर्शनी देश की कानूनी व्यवस्था में आए सबसे बड़े परिवर्तनों को समझने का एक स्वर्णिम अवसर है।

# जोधाणा वॉरियर्स शुरुआती दौर में खेलो क्रिएटर्स लीग (केसीएल) में सबसे आगे

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

खेलो क्रिएटर्स लीग (केसीएल) का जयपुर के सीतापुरा स्थित ज़ी स्टूडियो में शानदार आगाज हुआ। इस मौके पर भारत के शीर्ष डिजिटल क्रिएटर्स खेल भावना, मनोरंजन और सामुदायिक भावना का अनूठा मिश्रण देखने को मिला। टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा और 8 मैचों के बाद जोधाणा वॉरियर्स लगातार दो मैच जीत कर 4 अंक के साथ शुरुआती दौर में सबसे आगे चल रही है। इसके बाद, पिंक सिटी पलटन और शेखावाटी स्पार्टन्स ने एक-एक जीत के साथ अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है, जबकि मेवाड़ मावेरिक्स और बीकाणा बुल्स को आने वाले दौर में और मजबूती से वापसी करनी होगी। रोमांच को और बढ़ाते हुए, टूर्नामेंट के शीर्ष 4 रन स्कोरर जोधाणा वॉरियर्स के विकल्प मेहता रहे, जिन्होंने सिर्फ़ 2 मैचों में 145 रन बनाए। उनके बाद हितेंद्र सिंह (बीकाणा बुल्स, 62 रन), आरजे अर्जुन (मेवाड़ मावेरिक्स, 58 रन) और मंजीत सिंह (शेखावाटी स्पार्टन्स, सिर्फ़ 1 मैच में 46 रन) रहे। पहला दिन बेहद रोमांचक रहा जब विकल्प मेहता, जो अपनी शानदार मिमिक्री और कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं, ने अपने दमदार प्रदर्शन से मंच संभाला और पूरा स्टेडियम हँसी से गूंज उठा। जैसे-जैसे लीग अपने अंतिम दिन की ओर बढ़ रहा है, चार टीमों के बीच कल होने वाला सेमीफाइनल एक शानदार ग्रैंड फिनाले का मंच तैयार करेंगे जिसके बाद फाइनल के विजेता को केसीएल 2025 का ताज पहनाया जाएगा। अटलांचर स्पोर्ट्स के को-फाउंडर और वाईस प्रेजिडेंट जशन कौर ने कहा, केसीएल सचमुच एक प्रोफेशनल लीग का अनुभव प्रदान कर रहा है जहाँ एंटरटेनमेंट एक्सेलेंस से मिलता है। खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए क्रिएटर्स से बेहतर और कौन हो सकता है उनका प्रभाव युवा पीढ़ी को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का एक सशक्त संदेश देगा।




### उत्तरी हवाओं से गिरा प्रदेश का पारा, 21 शहरों का पारा 20 डिग्री से नीच

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

प्रदेश में चल रही उत्तरी हवाओं के प्रभाव से पारे में गिरावट आ रही है। प्रदेश के 21 शहरों का पारा 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 15.5 डिग्री के साथ सीकर की रात सबसे सर्द रही। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार रात को प्रदेश के अधिकांश शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट एक से दो डिग्री तक दर्ज की गई। जयपुर में दिनभर धूप खिली और हल्की हवाएं चली। जयपुर के रात के तापमान में 0.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अधिकांश भागों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 7 डिग्री नीचे दर्ज किए जा रहे हैं। राज्य के सभी भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा। आगामी 48 घंटों के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने व तत्पश्चात धीरे-धीरे 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### गहरी नींद में सो रहे पुलिस कॉन्स्टेबल को हार्ट अटैक, सुबह जगाने पहुंचे परिजन तो मिली मौत की जानकारी

■ श्याम नगर थाने में तैनात था कॉन्स्टेबल

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

गहरी नींद में सो रहे पुलिस कॉन्स्टेबल की शुक्रवार अल सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों को इस घटना की जानकारी सुबह तब चली, जब वो उसे नींद से जगाने गए। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया और आस पड़ोस के लोगों की मदद से कॉन्स्टेबल को सामोद अस्पताल लेकर भाग। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि सामोद स्थित सुल्तानपुरा गांव निवासी कैलाश चंद्र गुर्जर की शुक्रवार अल सुबह हार्ट -अटैक से मौत हो गई। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि सामोद स्थित सुल्तानपुरा गांव निवासी कैलाश चंद्र गुर्जर की शुक्रवार अल सुबह हार्ट -अटैक से मौत हो गई। जिस समय उन्हे अटैक आया वो गहरी नींद में थे। मृतक कैलाश चंद्र गुर्जर श्याम थाने में कॉन्स्टेबल ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे और शनिवार को वो अपनी ड्यूटी कर घर पहुंचे थे। ड्यूटी पर जाने के लिए वो सुबह 4 बजे उठते थे। लेकिन शुक्रवार सुबह जब वो नींद से नही उठे तो परिजन उन्हे उठाने पहुंचे तो वो निठाल पड़े थे।

**'काफी प्रयास के बाद नहीं जागे तो पहुंचा अस्पताल'** बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह जब कैलाश चंद्र गुर्जर नहीं उठे तो परिजन उनके कमरे में पहुंचे तो वो निठाल पड़े थे। जिसके बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और शोर -शराबे की आवाज सुन कर आस पास के पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे । जिसके बाद परिजनों ने पड़ोसी की मदद से कैलाश चंद्र गुर्जर को सामोद अस्पताल पहुंचाया ।

यह राज्य सरकार का गौरवशाली आयोजन है, व्यवस्थाएँ हों पूर्णतः निर्बाध - मुख्य सचिव

# राज्य में "खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025" की तैयारियों की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाली खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 की तैयारियों की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि यह आयोजन राजस्थान के छह संभागों– जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर में होगा जिसमें देशभर के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के लगभग 5000 खिलाड़ी और 2000 अधिकारी एवं स्टाफ भाग लेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि यह आयोजन एक व्यापक अभ्यास है, जिसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने खेल विभाग को निर्देश दिए कि सभी कार्य योजनाबद्ध और समयबद्ध रूप से पूरे हों ताकि राज्य की साख और छवि और सुदृढ़ हो। मुख्य सचिव ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों को निर्देशित किया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स पर केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर गहन निगरानी की जा रही है। उन्होंने खेल विभाग को निर्देश दिए कि आईटी विभाग के सहयोग से आयोजन की वेबसाइट पर मैस्कॉट और टैगलाइन हेतु एक ओपन क्रिएटिव प्रतियोगिता प्रारंभ की जाए ताकि राज्य के नागरिक भी इसमें भाग ले सकें और इस अभियान का जन-जुड़ाव बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि खेल प्रतियोगिताओं की समस्त जानकारी पोर्टल के माध्यम से सार्वजनिक की जाए ताकि जनता को यह पता रहे कि कौन-सा आयोजन किस स्थान पर हो रहा है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी छह संभाग मुख्यालयों पर खिलाड़ियों के ठहराव की सुगम व्यवस्था करें। खिलाड़ियों के लिए राज्य के संग्रहालयों और दर्शनीय स्थलों पर निःशुल्क प्रवेश की सुविधा दी जाए ताकि वे राजस्थान की संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी खेल सुविधाओं को सर्वोत्तम स्तर पर तैयार किया जाए ताकि यह आयोजन देशभर में एक मिसाल बने।

उन्होंने संबंधित सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे गति बढ़ाएँ और आगामी उत्सव सीज़न को ध्यान में रखते हुए आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग डॉ. नीरज कुमार पवन ने कहा कि खेल स्थलों की मरम्मत, अधोसंरचना उन्नयन, निविदा प्रक्रियाएँ, निरीक्षण समितियाँ और प्रशासनिक ढाँचा पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। जयपुर में प्रमुख खेल स्थलों का उन्नयन किया जा रहा है, जबकि प्रत्येक संभागीय मुख्यालय पर दो-दो खेलों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने क्रीड़ा विभाग द्वारा प्रत्येक संभाग में चयनित खेलों की रूपरेखा और बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में सभी विभागों की भूमिकाएँ भी स्पष्ट की गई। वित्त विभाग सभी वित्तीय स्वीकृतियाँ और बजट अनुमोदन की जिम्मेदारी देखेगा, गृह विभाग सुरक्षा और पुलिस प्रबंधन की व्यवस्था देखेगा, जबकि स्वायत्त शासन विभाग स्वच्छता, आवास और नगर प्रबंधन सुनिश्चित करेगा। शिक्षा विभाग खिलाड़ियों के लिए शैक्षणिक और आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा तथा पर्यटन विभाग आयोजन स्थलों पर पर्यटन-संबंधी गतिविधियाँ आयोजित करेगा। चिकित्सा विभाग सभी आयोजन स्थलों पर आवश्यक मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था करेगा, वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग आयोजन के प्रचार-प्रसार, मीडिया समन्वय और सामाजिक जागरूकता की गतिविधियों का संचालन करेगा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग कुलदीप रांका, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन विभाग, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग एवं महानिदेशक जवाहर कला केन्द्र राजेश कुमार यादव, शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग नवीन जैन सहित गृह, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वायत्त शासन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सहकारी सोसायटियों में अनियमितताओं पर नियंत्रण होगा स्थापित

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता हो रही सशक्त - नवीन को-ऑपरेटिव कोड से कामकाज में आएगी गति, पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारी सोसायटियों में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, अनियमितताओं पर नियंत्रण एवं समितियों की व्यवसाय वृद्धि के लिए कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में राज्य सरकार सोसायटियों तथा आमजन के हित में सहकारी कानून को अधिक प्रासंगिक बनाते हुए नवीन सहकारी अधिनियम लाने जा रही है। प्रस्तावित नवीन सहकारी अधिनियम में ऐसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं, जिनसे आमजन का सहकारी समितियों पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नवीन सहकारी अधिनियम वर्तमान में लागू राजस्थान सहकारिता अधिनियम, 2001 का स्थान लेगा। इसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य के अनुरूप अधिक प्रासंगिक बनाया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था, जिसने महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल आदि सहकारी आन्दोलन के अग्रणी राज्यों के सहकारी कानूनों का व्यावहारिक अध्ययन कर तथा वरिष्ठ अधिकारियों व विशेषज्ञों से चर्चा कर नवीन को-ऑपरेटिव कोड का ड्राफ्ट तैयार किया था। इसमें प्रक्रियाओं के सरलीकरण, अनियमितताओं पर नियंत्रण और त्वरित निस्तारण के साथ ही समितियों की व्यवसायिकता, आपसी सहयोग को सुगम बनाने, समितियों के प्रबंधन में एकाधिपत्य हटाने, लोकतांत्रिक एवं सदस्योन्मुखी प्रबंधन आदि पर विशेष रूप से फोकस किया गया है।




**नवीन प्रावधानों के बारे में आमजन को किया जा रहा जागरूक** प्रदेश में 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत जनसाधारण को प्रस्तावित नवीन अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान कर उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक लोगों को प्रस्तावित अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जा चुकी है। नवीन अधिनियम में सहकारी समितियों को स्वयं के तथा सदस्यों के उत्पाद अपने कार्यक्षेत्र से बाहर भी विक्रय किए जाने की छूट दिये जाने तथा सोसायटियों में बाजार से प्रतिस्पर्धा एवं व्यवसाय में वृद्धि के लिए आपसी सहमत शर्तों पर साझेदारी करने के प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं। इसी प्रकार, सहकारिता क्षेत्र के विस्तार और नई सोसायटियों के गठन को गति दिए जाने के लिए सोसायटियों में राज्य सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा शेयर पूंजी धारण किए जाने की अधिकतम सीमा समाप्त करने का प्रावधान तथा लोकहित में नई सोसायटियों के गठन के लिए सदस्यों में तदर्थ समिति गठित किए जाने में अवरोध होने पर रजिस्ट्रार द्वारा 3 माह के लिए तदर्थ समिति गठित किए जाने और उसके बाद उपनियम के अनुसार चुनाव करवाये जाने का प्रावधान भी प्रस्तावित है।

**सहकारी समितियों की आम सभा का समयबद्ध आयोजन होगा सुनिश्चित** नवीन अधिनियम में सहकारी समितियों की आमसभा के आयोजन को सुगम बनाने के लिए सदस्यों को व्हाट्सएप एवं ई-मेल से भी सूचित किए जाने तथा आमसभा आयोजित न करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड का प्रावधान प्रस्तावित है। यदि संचालक मंडल सदस्य बिना अनुमति के संचालक मंडल की तीन बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसे निर्योग्य किए जाने का प्रावधान भी प्रस्तावित किया गया है। जिन सोसायटियों को राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त नहीं है, उन्हें रजिस्ट्रार द्वारा जारी सामान्य शर्तों और अधिनियम के प्रावधानों के अधीन रहते हुए वित्तीय व आन्तरिक प्रशासनिक मामलों में स्वायत्तता का प्रावधान भी नवीन अधिनियम में किया गया है। **वेब पोर्टल के माध्यम से मिलेगी सोसायटी की वित्तीय स्थिति की जानकारी** सोसायटियों में समयबद्ध रूप से ऑडिट हो इसके लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान नवीन अधिनियम में किये गए हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती -2025, ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा गृह रक्षा विभाग जयपुर, राजस्थान के लिए राजस्थान होम गार्ड एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा नियम 2014 के अंतर्गत प्लाटून कमांडर पद के 84 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 23.07.2025 से दिनांक 21.08.2025 तक आमंत्रित किये गए थे। बोर्ड के सचिव भागचंद बघेल ने बताया कि प्लाटून कमांडर पद के 84 पदों के लिए परीक्षा का आयोजन दिनांक 22.11.2025 को किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि में दिनांक 10.10.2025 से दिनांक 12.10.2025, 23.59 बजे तक एसएसओ पोर्टल पर लॉग इन करें कर भर्ती पोर्टल का चयन कर मेरा भर्ती अनुभाग के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध वापसी बटन पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित कर सकेंगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। उक्त भर्ती के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि संशोधन हेतु दिनांक 13.10.2025 से दिनांक 19.10.2025, 23.58 बजे तक ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी OTR के समय दर्ज की गयी।

### भारत निर्वाचन आयोग ने आरओ और एआरओ के लिए ऑनलाइन मूल्यांकन एवं शंका समाधान सत्र आयोजित किया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा आम चुनाव एवं उपचुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी के लिए 9 और 10 अक्टूबर 2025 को ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नामांकन प्रक्रिया से संबंधित ऑनलाइन मूल्यांकन एवं शंका समाधान सत्र शामिल था। आयोग के अनुसार इस प्रशिक्षण में कुल 243 आरओ और 1418 एआरओ ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आयोग, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 21 और 24 के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आरओ एवं एआरओ को नामित करता है, ताकि चुनाव प्रक्रिया विधि अनुसार और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। राजस्थान के लिए अंता विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी को इन ऑनलाइन सत्रों में नामांकन प्रक्रिया, योग्यता और अयोग्यता से जुड़ी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### अंता विधानसभा उपचुनाव -2025, ईपिक के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों से भी कर सकेंगे मतदान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की है। जिसके तहत जिन मतदाताओं के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, वे मतदान के दिन 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकेंगे। आयोग ने 7 अक्टूबर को जारी अधिसूचना में यह व्यवस्था की है, जिससे ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में हैं लेकिन ईपिक उपलब्ध नहीं है, उनकी पहचान में कोई कठिनाई नहीं होगी मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतदान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, डाकघर द्वारा जारी पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड (राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर एनपीआर के तहत जारी), भारतीय पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), सरकारी, सार्वजनिक उपक्रम, निजी लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के लिए सेवा पहचान पत्र (फोटो सहित), सांसदों, विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र।, दिव्यांगजन के लिए विशिष्ट पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड) का मतदाता वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर सकेंगे। मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम का होना अनिवार्य है। साथ ही पर्दानशीन (बुरका या पर्दा धारण करने वाली) महिलाओं की गरिमा और निजता बनाए रखने के लिए आयोग ने विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

# 9वें नव प्रशिक्षु बुनियादी प्रशिक्षण बैच का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर जिले में सशस्त्र सीमा बल के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र, मौजपुर में 9वें नव प्रशिक्षु बुनियादी प्रशिक्षण बैच के दीक्षांत परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर परेड की सलामी लेकर उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। प्रशिक्षुओं ने 'जल, थल, नभ' में राष्ट्र सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। वन राज्यमंत्री शर्मा ने नव आरक्षियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल में शामिल होकर देश सेवा का जो सपना देखा था वो आज पूरा होकर नए जीवन की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय भी सशस्त्र बलों के द्वारा देश सेवा में सदैव उल्लेखनीय कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत उभरकर सामने आया है, जिसमें सेना व सशस्त्र बलों को विदेशी ताकतों के दांत उनके घर में घूसकर खट्टे करने की खुली छूट दी है, वहीं सेना की मांग के अनुरूप आधुनिक हथियारों से भी सेना को लेस किया है। साथ ही देश में ही हथियारों का निर्माण भी बडी संख्या में शुरू हुआ है। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल के मौजपुर प्रशिक्षण केंद्र में जवानों के सुगमता से आवागमन के लिए अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव की पहल पर दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे से स्लीप लेन बनाने का प्रस्ताव केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी को भिजवाया गया है, जिस पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक संजीव यादव ने अतिथियों के पधारने का आभार जताते हुए बताया कि सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के 9वें नव प्रशिक्षु बुनियादी प्रशिक्षण बैच में 23 आरक्षियों को 44 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मुख्यतः प्रशिक्षुओं को युद्ध कौशल, आपदा प्रबंधन आदि का गहनता से प्रशिक्षण दिया गया।

**ये रहे उत्कृष्ट आरक्षी–**
वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिसमें ओवर ऑल बेस्ट और बेस्ट फायरर आरक्षी सामान्य पुकीवी एस.जीमो, बेस्ट ट्रेनी फिजिकल फिटनेस व स्पोर्ट्स आरक्षी सामान्य जिंगशत लेंग्सटेंग, बेस्ट इंडोर टेऊनी आरक्षी सामान्य अंकुश रंजन, बेस्ट ट्रेनी इन आउटडोर आरक्षी सामान्य बिश्वजीत रॉय एवं बेस्ट ट्रेनी इन ड्रील और टर्नआउट आरक्षी सामान्य बापी भौमिक रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर द्वारा आर.टी.सी. सशस्त्र सीमा बल अलवर के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त इन नव आरक्षियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जो उनके प्रशिक्षण को शैक्षणिक दक्षता एवं मान्यता प्रदान करते हैं। आर.टी.सी. के प्रशिक्षुओं एवं कार्मिकों द्वारा विभिन्न जोशपूर्ण एवं आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जीएसटी के आयुक्त सुमित कुमार यादव सहित जनप्रतिनिधिगण, एसएसबी के अधिकारी, जवान एवं प्रशिक्षुओं के अभिभावक मौजूद रहे।

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अन्तर्गत किसानों की आय बढ़ाने हेतु नई पहल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कृषि क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की आय दुगूनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' प्रारम्भ करने जा रही है। इनका उद्देश्य देश भर में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल विविधकरण, मूल्य संवर्धन और बाजार सुविधा से जोड़ना है। आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी सुरेश कुमार ओला ने बताया कि 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' एवं 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारम्भ 11 अक्टूबर, शनिवार को नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। इसी तर्ज पर इस योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। कृषि आयुक्त ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 450 कृषक भाग लेंगे। यह कार्यक्रम राज्य के सभी किसान समृद्धि केंद्रों, कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, पंचायतों, ब्लॉक और जिला मुख्यालयों पर भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' में देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है। जिनमें बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागोर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू और जालौर भी शामिल हैं।

# नर्मदा नहर परियोजना की जल वितरण समिति की बैठक सम्पन्न – टेल लाइन पर किसानों को मिले पर्याप्त पानी-उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



नर्मदा नहर परियोजना में रबी फसल वर्ष 2025 -26 की अवधि में जल प्रवाहित करने के लिए जल वितरण समिति की बैठक राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री व जालोर जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की उपस्थिति तथा संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जालोर? जिले में नर्मदा नहर परियोजना के विश्राम गृह सांचौर में आयोजित की गई। बैठक में राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन के उत्थान एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नहरी तंत्र को विकसित, आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य सरकार द्वारा बजट का प्रावधान किया जाएगा।

उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नर्मदा नहर परियोजना के माध्यम से हेड क्षेत्र जे साथ ही टेल कमांड क्षेत्र में आने वाले किसानों को भी कृषि एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा पानी पहुंचाया जाए। बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल जल वितरण की वर्तमान स्थिति एवं सामने आ रही चुनौतियों, जल के समुचित वितरण व किसानों को समय पर जल उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में नर्मदा बेसिन के सरदार सरोवर बाँध में वर्ष 2025-26 के लिए पानी की उपलब्धता, रबी फसल में परियोजना में स्वीकृत सिंचाई तीव्रता, उपलब्ध पानी से आगामी रबी सिंचाई के लिए माह नवम्बर 2025 से मार्च 2026 तक नहरों में प्रवाहित किये जाने वाले जल की मात्रा एवं रेगुलेशन कार्यक्रम के निर्धारण,. अवैध पानी चोरी रोकथाम, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, वाली छोटी नहरों, माइनर्स, सब माइनरो सील्ट व गाद हटाने को लेकर चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

मेले में सजे पारंपरिक मिट्टी शिल्प ने आकर्षित किया आगंतुकों का ध्यान

# राजीविका द्वारा इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान परिसर में सुमंगल-दीपावली मेला का आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा सुमंगल-दीपावली मेले का आयोजन इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार की पारंपरिक मिट्टी कला और शिल्प उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।मेले में प्रदर्शित पारंपरिक क्ले प्रोडक्ट्स, ब्लैक पॉटरी और टेराकोटा उत्पादों में फ्लॉवर पॉट्स, वासेज़, दिया स्टैंड, गणेश जी वॉल हैंगिंग, टेबल्स, फाउंटेन्स, टॉयज़, शोपीसेज़, दही जमाने के बर्तन, सब्जी बनाने की हांडी, कॉफी एवं टी कप्स, टेप मटका और बोतलें जैसी विविध वस्तुएँ शामिल हैं। ये सभी उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल हैं और अलग-अलग निर्माण विधियों से तैयार किए गए हैं। विभिन्न प्रकार की मिट्टी और शिल्पकला एक मंच पर आकर न केवल राजस्थान की समृद्ध परंपरा को दर्शा रही है बल्कि यह स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के सामूहिक उद्यम और कौशल को भी उजागर कर रही है।मेले में लगातार विभिन्न जिलों से आए स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्य हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, खाद्य उत्पादों और उन्नत तकनीक से निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रही हैं। आगंतुकों द्वारा इन उत्पादों को लेकर गहरी रुचि दिखाई जा रही है।मेले का अवलोकन करने आए विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को विक्रय करने के लिए एक उन्नत मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे अपने शिल्प का उचित मूल्य प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने ग्रामीण उत्पादों के प्रति आगंतुकों के उत्साह को सराहा और कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण महिला उद्यमिता को नए बाजारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।मेले में स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों से सजा फूड कोर्ट आगंतुकों को एक विशेष अनुभव प्रदान कर रहा है। अक्टूबर माह में दीपावली पर्व के दौरान इस प्रकार का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्सव का वातावरण निर्मित करता है।

'पंचपर्व दीपावली', मंदिरों पर होगी विशेष सजावट

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने त्योहारी सीजन में साफ-सफाई और सजावट के दिए विशेष दिशा- निर्देश— देवस्थान विभाग के मंदिरों में मनाई जाएगी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली त्योहार के मद्देनजर देवस्थान विभाग को मंदिरों में विशेष सजावट करने के साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजकीय विद्यालयों के सौंदर्यीकरण सहित सार्वजनिक स्थानों पर समुचित रोशनी और सजावट के विशेष दिशा-निर्देश भी प्रदान किए हैं।

शर्मा ने दीपावली पर्व के पावन अवसर पर देवस्थान विभाग के अन्तर्गत सभी मंदिरों एवं प्रन्यास मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार देवस्थान विभाग द्वारा 'पंचपर्व दीपावली' का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में दीपावली से पूर्व सभी मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, दीपों और विद्युत सजावट से मंदिरों को आलोकित किया जाएगा। इस आयोजन के अन्तर्गत श्रद्धालुओं की सहभागिता से मंदिरों में सामूहिक दीप प्रज्वलन भी किया जाएगा, जिससे 'एक दीप सबके लिए' का संदेश प्रसारित होगा। पंचपर्व दीपावली में रंगोली, महाआरती एवं भक्ति संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, महाभोग का वितरण भी किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि नगरीय निकायों में पुरानी हो चुकी लाइटों के स्थान पर 2 लाख नवीन स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए उन्होंने स्थानीय निकाय विभाग को टेण्डर प्रक्रिया शीघ्र संपादित करने के निर्देश दिए। इन लाइटों के लगने से सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी सुनिश्चित होने के साथ ही अपराधों की रोकथाम करने में भी मदद मिलेगी। शर्मा ने कहा कि नगरीय निकायों में पुरानी हो चुकी लाइटों के स्थान पर 2 लाख नवीन स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए उन्होंने स्थानीय निकाय विभाग को टेण्डर प्रक्रिया शीघ्र संपादित करने के निर्देश दिए। इन लाइटों के लगने से सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी सुनिश्चित होने के साथ ही अपराधों की रोकथाम करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय विद्यालयों का रंग-रोगन करने के साथ ही, सघन रूप से साफ-सफाई की जाए, जिससे बारिश से प्रभावित विद्यालयों का नया रूप निखर कर आएगा। उन्होंने दीपावली त्योहार से पूर्व विद्यालयों की रंग-रोगन और मरम्मत सुनिश्चित करने के विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। शर्मा के निर्देशानुसार 65 हजार विद्यालयों में मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इनमें 15 हजार सीनियर सैकेण्डरी स्कूल को बॉयज फंड के माध्यम से रिपेयर किया जा रहा है। साथ ही, एक हजार 500 स्कूलों को स्टेट फंड से सुधारने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में अतिवृष्टि प्रभावित 4 हजार स्कूलों को 2 लाख रूपये प्रति स्कूल के हिसाब से मरम्मत के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है और 16 हजार अतिवृष्टि प्रभावित स्कूलों को यह स्वीकृति दी जा रही है। 23 हजार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल को राज्य वित्त आयोग की निधि से 25 हजार रुपये प्रति स्कूल की सहायता दी जा चुकी है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
(पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

CMYk